120.10 किमी लंबाई में 3,712.40 करोड़ से किया जायेगा सड़क का निर्माण

# पटना-आरा-सासाराम फोरलेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर निर्माण को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

संवाददाता, पटना

**पटना**-आरा-सासाराम फोरलेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर एनएच-119ए के निर्माण को शुक्रवार को पीएम की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने मंजूरी दे दी. इस सड़क का निर्माण 120.10 किमी लंबाई में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर 3,712.40 करोड़ रुपये से होगा. वर्तमान में सासाराम, आरा-पटना के बीच मौजूदा एसएच-2, एसएच-12, एसएच-81 व एसएच-102 से आवागमन हो रहा है. इस परियोजना में 10.6 किमी के मौजूदा पथ पातर से गड़हनी में उन्नयन के साथ एक नया ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किया जायेगा. यह परियोजना पटना रिंग रोड पर सदीसोपुर से शुरू होकर सासाराम में एनएच-19 (पुराना एनएच-2) पर सुअरा के पास समाप्त होगी. इसके तहत सोन नदी पर एक पुल निर्माण भी शामिल है. यह पुल कोइलवर के वर्तमान पुल से लगभग 10 किमी अपस्ट्रीम में बिन्दौल-कोशीहान के बीच बनेगा.

## कोसी-मेची लिंक योजना को पीएमकेएसवाइ-एआइबीपी में शामिल की भी मंजूरी

**पटना.** केंद्रीय कैबिनेट ने कोसी-मेची लिंक परियोजना को पीएम कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम में शामिल करने की मंजूरी दे दी. यह मंजूरी आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने शुक्रवार को दी. इसकी लागत 6,282.32 करोड़ है, जिसमें बिहार को 3,652.56 करोड़ की केंद्रीय सहायता भी शामिल है. इसे मार्च, 2029 तक पूरा किया जाना है. यह जानकारी पीएम नरेंद्र मोदी के एक्स हैंडल से भी दी है. इस प्रोजेक्ट मौजूदा पूर्वी कोसी मुख्य नहर का पुनर्निर्माण होगा.

